कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.02.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//
गर्ल्स कॉलेज में
अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूगोल विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय आर्द्र भूमि दिवस मनाया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने इस अवसर की व्यवस्था पर अपनी विचार व्यक्त की।

विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस के बारे में बताया कि विश्व में अनेक आर्द्रभूमि है जिसका दायरा प्रतिवर्ष कम होता जा रहा है। आर्द्रभूमि का दायरा कम होने से लगातार हमारी जैवविविधता पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यह आर्द्रभूमि क्षेत्र प्रवासी पक्षियों के लिए कुछ समय के लिए आवास प्रदान करता है यह पक्षियाँ मुख्य रूप से ठण्ड के मौसम के समय साइबेरिया क्षेत्र से विश्व के अनेक आर्द्रभूमि कि ओर मौसमी प्रवास करते है। अतः हमें इन आर्द्रभूमि का संरक्षण करना आवश्यक हो जाता है।

श्री नितिन कुमार देवांगन ने बताया कि विश्व में अनेक आर्दभूमि क्षेत्र पाये जाते है जहाँ विश्व के अनेक पक्षियों का मौसमी प्रवास होता है इन्होनें बताया कि विश्व स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि सम्मेलन सन 1971 में ईरान के रामसर नामक आर्द्रभूमि के बैठक में अनेक देशों ने भाग लिया जिसमें हमारा भारत देश भी था। भारत ने इस कन्वेंशन को 1 फरवरी 1982 को साइन किया तब से ये संस्था भारत ने लगातार कार्य कर रही है। भारत में वर्तमान में 75 आर्द्रभूमि क्षेत्र पाये जाते है।

विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने बताया कि छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कु. नोमिका साहू, एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर प्रथम स्थान पर तथा कु. समृद्धि ठाकुर एवं कु. मानसी नेताम ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

इस कार्यक्रम में प्रयोगशाला तकनीशियन श्रीमती सुनिता बेर एवं प्रयोगशाला सहायक श्रीमती किरण साहू के साथ भूगोल विभाग की छात्रायें भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)